भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1896**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ का लगाया जाना**

**1896. श्री माजीद मेनन:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) सरकार ने त्रिपुरा क्षेत्र में भारत-बांगलादेश सीमा के साथ-साथ बाड़ लगाने वाले अभिकरणों को यह काम अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं;

(ख) क्या अन्य सभी सीमाओं पर भी बाड़ लगाने का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि घुसपैठ तथा तस्करी से त्रस्त भारत की बड़ी समस्याओं से निपटा जा सके; और

(ग) तत्संबंधी विस्तृत रिपोर्ट क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क): भारत-बांग्लादेश सीमा पर जारी बाड़ के कार्य के पूर्ण होने की लक्षित तिथि मार्च, 2019 है। तथापि, त्रिपुरा में सीमा पर बाड़ लगाने वाली एजेंसियों से यह कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा गया है।**

**(ख) और (ग): अन्य सभी सीमाओं पर भी यथा संभव बाड़ का कार्य भी शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। तथापि, उन भागों में, जहां स्थल भार युक्त नहीं हैं, वहां बाड़ का कार्य भार मुक्त स्थल की उपलब्धता की तिथि से तीन वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।**

-----